

# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 09.08.2021 से 14.08.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## CMGGA की बैठक
(दिनांक 08.08.2021)



**विषय: CMGGA की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने CMGGA की 6th बेच के साथ पहली मीटिंग ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने CMGGA के कार्यों की सराहना की और सुशासन में उनके योगदान की प्रसंशा की। साथ ही उन्हें आने वाले साल में हरियाणा के लिए और भी बेहतर करने और व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने को भी कहा और शुभकामनाएं दी।

- विदित है कि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी – माननीय मुख्यमंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें पूरे देश से 22 से 25 युवाओं का चयन कर सभी जिलों में भेजा जाता है जहां वह विभिन्न योजनाओं और प्रोजक्ट के क्रियान्वयन में मद्द करते हैं।
- यह योजना पिछले 5 वर्षों से लगातार चल रही है और इस वर्ष 6th बेच का प्रारंभ हुआ है जो 9 अगस्त को अपने अपने जिलों में जाएगें।


## कुलपतियों के साथ बैठक
(दिनांक 09.08.2021)



**विषय: कुलपतियों के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने राजभवन चण्डीगढ़ में महामहीम राज्यपाल महोदय की अध्यक्षता में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक कर शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी विश्वविद्यालयों को :–

- सेल्फ फाइनेंसिंग पर जोर देने।
- नई शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा को बढ़ावा देने।
- किसी 1 विषय या क्षेत्र में अपने आप को परांगत कर स्थापित करने ।
- विश्वविद्यालयों को उच्च स्तरीय मापदंडो तक ले जाने का आवहान किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वालंटियरिज्म योजना की समीक्षा

(दिनांक 10.08.2021)



**विषय: वालंटियरिज्म योजना की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने वालंटियरिज्म प्रोग्राम की समीक्षा की जिसमें निम्न निर्णय लिए गए :–


- वालंटियरिज्म के लिए एक आनॅलाइन पोर्टल बनाया जाएगा। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति स्वयं को इसके लिए रजिस्टर्ड कर सकता है।
- अभी मुख्य रूप से इसमें 6 विभागों विकास एवं पचांयत, कृषि, सोशल जस्टिस, क्रिड, स्पोटर्स और सोशल वर्क को रखा गया है, बाद में अन्य विभागों को भी इसके साथ जोड़ा जाएगा।
- इसे 25 सितंबर 20212 को प0 दीनदयाल जी की जयंती के अवसर पर शुरू करने की योजना है। इससे न केवल सामाजिक कार्यों के प्रति लोगों का रूझान बढ़ेगा बल्कि लोगों और सरकार के बीच सामंजस्य भी बेहतर होगा और युवाओं को अनुभव के लिए कार्य करने का अवसर भी मिलेगा।

## विधायकों से मुलाकात

(दिनांक 10.08.2021)

**विषय: विधायकों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित अपने आवास पर विभिन्न हल्कों के विधायकों से भेंट कर क्षेत्र और लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें हल करने का निर्देश दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'लाडो की बगिया' का उद्‌घाटन

(दिनांक 11.08.2021)



**विषय: 'लाडो की बगिया' का उद्‌घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ से विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से झज्जर में 'लाडो की बगिया' का उद्‌घाटन किया।

- इस बगिया को 5 एकड़ में विशेष रूप से बेटियों द्वारा विकसित किया गया है जिसकी माननीय मुख्यमंत्री जी ने सराहना की।
- इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने 'धापा ताई' से भी बात की बेटियों को बचाने के उनके कार्यों की सराहना की और अपने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के संकल्प को दोहराया।
- मुख्यमंत्री जी ने पर्यावरण को बचाने के लिए हर जिले में एक 'आक्सीजन' लगाने और 'प्राण वायु देवता पेंशन' योजना की चर्चा भी की जिसके तहत 75 साल से उपर के पेड़ों को हरियाणा सरकार 2500 रू सालाना पेंशन दे रही है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी से कम से कम एक पेड़ लगाने का आवहान किया और कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

## तालाब आर्थॉरिटी की बैठक


(दिनांक 11.08.2021)



**विषय: तालाब आर्थॉरिटी की बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने तालाब आर्थॉरिटी के साथ बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की जिसके तहत निर्णय लिया गया कि :–

- 10 हजार से उपर की आबादी वाले गॉवों में STP सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा।
- गांवों का गंदा पानी तालाबों में न जाए इसके लिए व्यवस्था की जाएगी।
- 1400 तालाब बनाने की कार्ययोजना बनाई जाएगी जिसे प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न चरणों में बांटा जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## NHM राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक
(दिनांक 11.08.2021)



**विषय: सभी उपायुक्तों के साथ विडियों कॉफ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज का माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निर्णय लिए गए :–


- कोरोना की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को तैयार किया जाएगा।
- आवश्यकतानुसार सभी जगह स्टॉक की आपूर्ति सुनिष्चित की जाएगी।
- सभी जिलों में ALS Ambulance की संख्या बढ़ाई जाएगी।
- सभी जिला सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाए जाएंगें।

## CII के साथ बैठक
(दिनांक 11.08.2021)



**विषय: CII के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने CII के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें हरियाणा में चल रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उस पर चर्चा की साथ ही इण्डस्ट्री को लेकर अपने उद्देश्य को भी उनके साथ साझा किया और उन्हें हरियाणा में इन्वेस्ट के लिए आमंत्रित किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## तीज उत्सव

(दिनांक 11.08.2021)





**विषय: तीज उत्सव।**

**प्रभाव:** आज हरियाली तीज के पावन अवसर पर राजभवन चण्डीगढ़ में महामहिम राज्यपाल महोदय जी की अध्यक्षता में तीज उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी शिरकत की और सभी हरियाणा वासियों को तीज की शुभकामनाएं और बधाई दी।

## Soil Testing Lab (मृदा परीक्षण प्रयोगशाला) का उद्घाटन


(दिनांक 12.08.2021)



**विषय: Soil Testing Lab (मृदा परीक्षण प्रयोगशाला) का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ से विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 40 मृदा परीक्षण प्रयागे शालाओं का उद्घाटन किया जो हरियाणा के विभिन्न जिलों में स्थित है।

- अब कुल 76 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं हरियाणा में स्थापित हो चुकी हैं।
- हरियाणा की कुल 75 लाख एकड़ भूमि का परीक्षण करने की योजना है जिसमें इस वर्ष 25 लाख एकड़ भूमि का परीक्षण किया जाना है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

• स्कूलों और कॉलेजों में भी इस तरह की लेब खोलने की प्रक्रिया चल रही है जिसके तहत 125 स्कूल, कालेजों में विधार्थियों का परीक्षण चल रहा है।

• विधार्थियों को एक बार सेंपल टेस्ट करने के लिए 40 रूप्ये का मानदेय भी दिया जाएगा जिससे वह पढ़ाई के साथ–2 अपनी कमाई भी कर सकता है।

इससे न केवल किसानों को लाभ होगा बल्कि जमीन की उर्वरक शक्ति भी बढ़ेगी और गैर जरूरी केमिकल से निजात भी मिलेगी।

## नाबार्ड के चेयरमैन के साथ बैठक

(दिनांक 12.08.2021)



**विषय: नाबार्ड के चेयरमैन के साथ बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में नाबार्ड के चेयरमैन के साथ हरियाणा में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की गई जिसके तहत :–

• समय से पीछे चल रहे या देरी से चल रहे प्रोजेक्ट को मार्च 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

• जिन प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी नहीं है उन्हें सरेंडर कर दिया जाएगा ताकि उनका पैसा किसी और कार्य में लग सके।

• नाबार्ड हरियाणा को इंफ्रास्ट्रकचर डेवलप करने के लिए पूर्ण रूप से आर्थिक सहायता करने को तैयार है। अपनी तरफ से इस कार्य के लिए उन्होंने 50,000 करोड़ की राशि देने का प्रस्ताव भी रखा।